उपर्युक्त सारिणी से स्पष्ट है कि राज्य द्वारा सामाजिक क्षेत्र में व्यय को अपेक्षा अनुसार बढ़ाकर सामाजिक संकेतकों यथा साक्षरता, शाला त्याज्य बच्चों को पुन: शाला में प्रवेश देने तथा

राज्य के सकल घरेलू उत्पाद के तीनों क्षेत्रों (कृषि, उद्योग एवं सेवाएं) में लक्ष्य की तुलना में अधिक उपलब्धियॉं अर्जित की गई है ।

ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना (2007-12)

योजना आयोग, भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य की ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना का प्रमुख क्षेत्रक अनुसार निम्नानुसार अनुमोदन किया गया है :-

(करोड़ रूपये में)

क्र.	प्रमुख क्षेत्रक	कुल परिव्यय	कुल का प्रतिशत
1	कृषि एवं संबद्ध सेवायें	1955.46	3.64
2.	ग्रामीण विकास	4260.06	7.93
3.	विशेष क्षेत्र विकास कार्यक्रम	284.30	0.53
4.	सिंचाई तथा बाढ़ नियंत्रण	7227.73	13.45
5.	ऊर्जा	1805.37	3.36
6.	उद्योग तथा खनिकर्म	815.06	1.52
7.	यातायात	7272.48	13.54
8.	विज्ञान प्रौद्योगिक एवं पर्यावरण	3369.53	6.27
9.	सामान्य आर्थिक सेवायें	834.68	1.55
10.	सामाजिक सेवायें	25568.96	47.59
11.	सामान्य सेवायें	336.36	0.63
	कुल योग	**53730.00**	**100.00**

अनुमोदित ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में मानव विकास संकेतकों में सुधार एवं सहस्त्राब्द्धि विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सामाजिक सेवाओं के विकास पर विशेष जोर दिया गया है । इस पंचवर्षीय योजना की 47.59 प्रतिशत राशि सामाजिक सेवा पर व्यय किए जाने के प्रावधान में प्रमुखत: 10.14 प्रतिशत राशि शिक्षा पर, 4.32 प्रतिशत राशि स्वास्थ्य सेवाओं पर तथा 14.61 प्रतिशत राशि जल आपूर्ति एवं स्वच्छता पर व्यय किए जाने का प्रावधान है। राज्य में कृषि के विस्तार के लिए 13.45 प्रतिशत राशि सिंचाई सुविधाओं के विस्तार पर तथा सड़क सुविधाओं के विकास हेतु 13.54 प्रतिशत राशि व्यय करने का अनुमोदन किया गया है।

2. <u>राज्य की वार्षिक योजनाओं के वित्तीय लक्ष्य एवं उपलब्धियॉं:-</u>

ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत वर्ष 2010-11 के लिए योजना आयोग, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित परिव्यय रूपये 13230.00 करोड़ के विरूद्ध रू. 10081.00 करोड़ का व्यय किया गया । कृषि एवं सम्बद्ध सेवाओं पर रूपये 1385.02 करोड़ के अनुमोदित के विरूद्ध रूपये 1196. 60 करोड़, ग्रामीण विकास पर रूपये 377.78 करोड़ के विरूद्ध रूपये 375.51 करोड़ एवं सामाजिक सेवाओं पर अनुमोदित परिव्यय रूपये 6833.81 करोड़ के विरूद्ध रूपये 5240.31 करोड़ का व्यय किया गया ।

वार्षिक योजना 2011-12 के लिए योजना आयोग, भारत सरकार द्वारा रूपये 16710.25 करोड़ के परिव्यय का अनुमोदन किया गया है । कृषि एवं सम्बद्ध सेवाओं के लिए रूपये 1621. 67 करोड़, ग्रामीण विकास हेतु रूपये 496.14 करोड़, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण हेतु रूपये 2041.60 करोड़ का प्रावधान किया गया है। अनुमोदित परिव्यय में सर्वाधिक 50.27: राशि रूपये 8399.69 करोड़ का प्रावधान सामाजिक सेवाओं हेतु किया गया है ।

आयोग द्वारा राज्य की प्राथमिकताओं के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2012-13 के लिए रू 18894.43 करोड़ की आयोजना राशि का प्रावधान प्रस्तावित किया गया है जिसमें कृषि, सिंचाई, ऊर्जा, ग्रामीण विकास तथा सामाजिक सेवाओं के लिए योजना राशि में अनुपातिक रूप से अधिक राशि का प्रावधान किया गया है ।

वार्षिक योजनाओं के अंतर्गत क्षेत्रक अनुसार अनुमोदित राशि, व्यय उपलब्धियों का उल्लेख अगली सारिणी में किया गया है ।

वार्षिक योजनाओं की क्षेत्रक अनुसार अनुमोदित एवं व्यय राशि का विवरण

(लाख रूपये में)

क्र.	प्रमुख क्षेत्रक	वार्षिक योजना वर्ष 2009-10			वार्षिक योजना वर्ष 2010-11			वार्षिक योजना वर्ष2011-12
		अनुमोदित राशि	व्यय	प्रतिशत	अनुमोदित राशि	व्यय	प्रतिशत	अनुमोदित राशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	कृषि एवं सम्बद्ध सेवायें	78933.31	82336.25	104.31	138502.58	119660.53	86.40	162167.93
2	ग्रामीण विकास	57624.65	29593.95	51.36	37778.26	37551.40	99.40	49614.15
3	विशेष क्षेत्र कार्यक्रम	37731.40	30616.70	81.14	38726.53	38455.07	99.30	72848.50
4	सिंचाई तथा बाढ़ नियंत्रण	96870.23	103152.62	106.49	168759.70	111018.00	65.78	204160.58
5	उर्जा	21180.25	18142.10	85.66	26129.00	28255.98	108.14	28690.40
6	उद्योग तथा खनिकर्म	22055.47	22752.04	103.16	18966.79	22735.26	119.87	25660.23
7	यातायात	111489.53	88281.09	79.18	103767.75	83875.32	80.83	144331.71
8	विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण	28501.30	27872.77	97.79	32800.80	29763.97	90.74	37522.86
9	सामान्य आर्थिक सेवायें	25043.21	59187.55	236.34	61044.41	9989.75	16.36	61299.31
10	समाजिक सेवायें	605941.95	559961.94	92.41	683381.75	524030.82	76.68	839969.11
11	सामान्य सेवायें	9331.46	6246.48	66.94	13142.43	2763.90	21.03	44760.23
	योग	**1094702.76**	**1028143.49**	**93.92**	**1323000.00**	**1008100.00**	**76.20**	**1671025.01**

3. जिला वार्षिक योजना

भारत के संविधान के 73 वें एवं 74 वें संशोधन द्वारा स्थानीय शासन को संवैधानिक मान्यता प्राप्त हुई है, जिसमें उसे विकेन्द्रीकृत नियोजन अपनाने का विस्तृत आधार प्रदाय किया गया है । वर्ष 2012-13 के संदर्भ में सभी जिलों से जिला योजना समिति के अनुमोदन उपरांत योजनाएं प्राप्त हुई हैं, जिन्हें संबंधित विभाग की वार्षिक कार्य योजना में समायोजन करने का प्रयास किया जा रहा है ।

4. संयुक्त राष्ट्र-भारत सरकार तथा राज्य शासन अभिसरण कार्यक्रम रू.

भारत सरकार, राज्य सरकार एवं संयुक्त राष्ट्र संघ की संस्थाओं (यूएनडीपी, यूनिसेफ, यूएनएफपीए) के मध्य त्रिपक्षीय अनुबंध के अनुरूप राज्य के पांच जिलों (महासमुंद, कांकेर, कोरबा, सरगुजा एवं जशपुर) में विकेन्द्रीकृत जिला योजना निर्माण में सहयोग देने के लिए यह कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत यूएनडीपी तथा यूनिसेफ द्वारा सभी पांच जिलों में दो तकनीकी सहायक तथा दो राज्य स्तर पर उपलब्ध कराये गये है। कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य निम्न है :-

1. एकीकृत एवं सभी को जोड़ने वाली जिला योजना को अपनाना ।
2. सरकारी एवं अन्य संसाधनों का जिलों द्वारा अधिकतम उपयोग ।
3. सरकारी कार्यक्रमों के अंतर्गत दी जाने वाली सेवाओं का स्थानीय स्तर पर सुदृढ़ीकरण।
4. मैनेजमेंट एवं योजना बनाने में मॉनिटरिंग का उपयोग ।

कार्यक्रम की उपलब्धियां :-

1. प्रशिक्षण संस्थाओं का एक दिवसीय (15 दिसम्बर 2009) परिचर्चा कार्यक्रम तथा तीन दिवसीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (14-16 जुलाई 2010) आयोजित किया गया।
2. प्रशिक्षकों का पाँच दिवसीय जिला स्तर पर प्रशिक्षण तथा जनपद स्तरीय 1200 ग्राम पंचायत सचिवों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया ।
3. कार्य क्षेत्रों के जिलों में विभागों के लिए संवेदीकरण कार्यक्रम - 350 प्रतिभागी ।
4. आकड़ों के एकत्रीकरण एवं इनका उपयोग योजना बनाने/मूल्यांकन करने के लिए सांख्यिकी अधिकारियों का प्रशिक्षण - 65 प्रतिभागी
5. जिला योजना समिति के सदस्यों का केरल भ्रमण का कार्यक्रम ।
6. नगरीय निकायों के 65 प्रतिनिधियों का कर्नाटक भ्रमण कार्यक्रम।
7. जेंडर सब प्लान रायपुर एवं कोरबा जिला में आयोजित।
8. ग्राम/नगर (वार्ड) सूचक पत्रक का आकड़े संकलन हेतु महासमुंद एवं राजनांदगांव जिलों का चयन
9. राज्य ग्रामीण विकास संस्थान का चयन कर मानव संसाधन उपलब्ध कराकर जिला योजना पर तीन माह का प्रशिक्षण अक्टूबर 2011 से प्रारंभ किया गया है ।
10. प्लान प्लस पर प्रशिक्षण -राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र के सहयोग से महासमुंद जिले में अधिकारियों का प्रशिक्षण ।
11. 12वीं पंचवर्षीय योजना पर विचार विमर्श हेतु 05 अक्टूबर 2011 को एक दिवसीय परिचर्चा का आयोजन किया गया ।
12. विकेन्द्रीकृत जिला योजना पर सचिवों, विभागाध्यक्षों, जिलाध्यक्षों, मुख्य कार्यपालन अधिकारियों का एक दिवसीय संवेदीकरण सह परिचर्चा कार्यक्रम 31 अक्टूबर 2011 को आयोजित किया गया ।
13. विकेन्द्रीकृत जिला योजना पर राज्य योजना आयोग, ग्रामीण विकास संस्थान, प्रशासनिक अकादमी एवं जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारियों का अध्ययन भ्रमण 10-14 जनवरी 2012 की अवधि में संपन्न हुआ ।

भाग -दो

छत्तीसगढ़ राज्य योजना आयोग का बजटीय प्रावधान 2011-12

(राशि लाख रूपयों में)

क्र.	योजना शीर्ष एवं क्रमांक	स्वीकृत बजट वर्ष 2010-11	पुनरीक्षित अनुमान वर्ष 2010-11	वर्ष 2010-11 का	बजट अनुमान 2011-12

				वास्तविक व्यय	
1	2	3	4	5	6
1. मांग संख्या–31, मुख्य लेखा शीर्ष–3451					
	राज्य योजना आयोग (आयोजनेत्तर)	167.70 15.00	175.46 15.00	126.43 –	184.15 20.00
	यूरोपियन कमीशन	1.00	57.31	–	1.00
	योग :–	**183.70**	**247.77**	**126.43**	**205.15**
2. मांग संख्या–60 मुख्य लेखा शीर्ष– 3451					
	जिला योजना का सुदृढ़ीकरण	86.00	86.00	15.10	86.00
	योग :–	**86.00**	**86.00**	**15.10**	**86.00**
	महायोग :– (12)	**269.70**	**333.77**	**141.53**	**291.15**

भाग –तीन

राज्य योजनाएं एवं केन्द्र प्रवर्तित योजना – निरंक

भाग –चार

सामान्य प्रशासनिक विषय – निरंक

भाग –पांच

अभिनव योजना –

रायपुर, दुर्ग एवं जांजगीर–चांपा जिलों में भी विकेन्द्रीकृत जिला योजना, BRGF जिलों के अनुरूप पंचवर्षीय जिला योजना तैयार की जा रही है ।

भाग –छः

प्रकाशन :–

1. वार्षिक योजना 2011–12 भाग–1 एवं भाग–2 का प्रकाशन योजना आयोग, भारत सरकार को प्रस्तुत किये जाने हेतु तैयार किया गया है।
2. विकेन्द्रीकृत जिला योजना पर संवेदीकरण हेतु परिचर्चा प्रतिवेदन ।
3. 12वीं पंचवर्षीय योजना के निर्माण हेतु राज्य स्तरीय विचार विमर्श संगोष्ठी का प्रतिवेदन ।

भाग –सात

सारांश :–

राज्य योजना आयोग का प्रमुख दायित्व विभिन्न विकास विभागों के प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर प्रदेश की वार्षिक तथा पंचवर्षीय योजनाएँ तैयार कर योजना आयोग, भारत सरकार से अनुमोदन प्राप्त करना है। वार्षिक योजना 2011–12 हेतु योजना आयोग, भारत सरकार व्दारा रू0 16,710.00 करोड़ का परिव्यय अनुमोदित किया गया। इसके अतिरिक्त राज्य योजना आयोग द्वारा विकेन्द्रीकृत नियोजन के अंतर्गत जिला योजना तैयार करने की कार्यवाही की गई है।

–––––––**00000**–––––––

परिशिष्ट–एक (1)

राज्य योजना आयोग, छत्तीसगढ़ में स्वीकृत पदों की स्थिति
(31 जनवरी 2012 की स्थिति में)

क्र0	स्वीकृत पदनाम	श्रेणी	स्वीकृत पद संख्या	रिमार्क
1	2	3	4	5
1	उपाध्यक्ष	राज्य शासन द्वारा मनोनीत	1	
2	सदस्य	राज्य शासन द्वारा मनोनीत	1	
3	सदस्य सचिव	प्रथम श्रेणी	1	
4	विशेष सचिव/ उप सचिव	प्रथम श्रेणी	1	
5	सलाहकार	प्रथम श्रेणी	4	
6	संयुक्त संचालक	प्रथम श्रेणी	2	
7	अवर सचिव	प्रथम श्रेणी	1	
8	शोध अधिकारी	प्रथम श्रेणी	4	
9	सांख्यिकी अधिकारी	द्वितीय श्रेणी	4	
10	लेखाधिकारी	द्वितीय श्रेणी	1	
11	सहायक संचालक	द्वितीय श्रेणी	2	
12	स्टेनोग्राफर ग्रेड–1	द्वितीय श्रेणी	1	
13	सहायक प्रोग्रामर	तृतीय श्रेणी	1	
14	सहायक सांख्यिकी अधिकारी	तृतीय श्रेणी	4	
15	कनिष्ठ ग्रंथपाल	तृतीय श्रेणी	1	
16	स्टेनोग्राफर ग्रेड–2	तृतीय श्रेणी	2	
17	स्टेनोग्राफर ग्रेड–3	तृतीय श्रेणी	2	
18	सहायक ग्रेड–1	तृतीय श्रेणी	1	
19	अन्वेषक	तृतीय श्रेणी	4	
20	लेखापाल	तृतीय श्रेणी	1	
21	कनिष्ठ लेखापाल	तृतीय श्रेणी	1	
22	सहायक ग्रेड–2	तृतीय श्रेणी	2	
23	संगणक/डाटा एन्ट्री ऑपरेटर	तृतीय श्रेणी	6	

क्र0	स्वीकृत पदनाम	श्रेणी	स्वीकृत पद संख्या	रिमार्क
1	2	3	4	5
24	सहायक ग्रेड-3	तृतीय श्रेणी	4	
25	वाहन चालक वरिष्ठ	तृतीय श्रेणी	1	
26	वाहन चालक कनिष्ठ	चतुर्थ श्रेणी	4	
27	दफतरी	चतुर्थ श्रेणी	1	
28	भृत्य	चतुर्थ श्रेणी	11	
29	चौकीदार	चतुर्थ श्रेणी	2	
30	वाटरमेन	चतुर्थ श्रेणी	1	
31	फर्राष	चतुर्थ श्रेणी	1	
32	सफाई कर्मी	चतुर्थ श्रेणी	.	
	योग		**73**	
माननीय उपाध्यक्ष कार्यालय हेतु				
1	विशेष सहायक	प्रथम श्रेणी	1	
2	निज सचिव	द्वितीय श्रेणी	1	
3	निज सहायक	तृतीय श्रेणी	1	
4	सहायक ग्रेड - 02	तृतीय श्रेणी	1	
5	वाहन चालक	तृतीय श्रेणी	1	
6	भृत्य	चतुर्थ श्रेणी	3	
योग			**8**	
महायोग			**81**	

vkfFkd ,oa lkf[;dh lapkyuky;] NRrhlx<] jk;iqj

भाग–1

विभागीय संरचना

राज्य की सामाजार्थिक गतिविधियों में समन्यव, क्षेत्र सर्वेक्षण तथा विविध विषयों पर सांख्यिकी के एकत्रीकरण, सारणीयन एवं संकलित जानकारी के प्रस्तुतीकरण कार्यो को संपादित करने हेतु राज्य, जिला एवं जनपद मुख्यालय पर विभिन्न संवर्गो के अधिकारी एवं कर्मचारी पदस्थ है । वर्तमान में स्वीकृत एवं कार्यरत अमले का विवरण परिशिष्ट–1 में दर्शाया गया है ।

अधीनस्थ कार्यालय

आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, के अधीनस्थ जिला स्तर पर प्रदेश के 18 जिलों में जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय स्थापित है । संचालनालय में प्रशासनिक एवं तकनीकी कार्यो के निष्पादन हेतु 17 संभाग है जिनका विवरण **परिशिष्ट–2** में दर्शाया गया है ।

संचालनालय के दायित्व

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के सविन्यास, प्रशासन एवं विकास से संबंधित आधारभूत सांख्यिकी का संकलन, सर्वेक्षण, विश्लेषण, मूल्यांकन तथा उन्हें प्रकाशित कर सामाजार्थिक स्थिति का स्पष्ट एवं वास्तविक चित्रांकन करने एवं राज्य शासन के विभिन्न विभागों की सांख्यिकी गतिविधियों में समन्वय स्थापित करने का महत्वपूर्ण दायित्व इस संचालनालय का है । राज्य शासन द्वारा संचालनालय को इस हेतु नोडल अभिकरण घोषित किया गया है ।

संचालनालय के प्रमुख कार्य

1.सामान्य जानकारी

1.1 आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के विन्यास हेतु विकास कार्यक्रमों एवं प्रशासकीय उपयोग हेतु वांछित सांख्यिकी का संकलन एवं विश्लेषण कार्य संपादित किया जाता है, साथ ही राज्य की सामाजार्थिक स्थिति का आंकलन करने के अलावा राज्य शासन के विभिन्न विभागों द्वारा अपेक्षित सर्वेक्षण/मूल्यांकन अध्ययनों का निष्पादन का दायित्व भी संचालनालय का है ।

1.2 प्रचलित अधिनियम तथा नियम निम्नानुसार है :-

(अ) औद्योगिक सांख्यिकी (कारखाना अधिनियम, 1948) तथा सांख्यिकी अधिनियम, 1953

(ब) जन्म–मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969

(स) छत्तीसगढ. राज्य जन्म–मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम, 2001

(द) सांख्यिकी संग्रहण अधिनियम, 2008

(ई) सांख्यिकी संग्रहण नियम, 2011

1.3 संचालनालय अपने तकनीकी कार्यो के संपादन हेतु राष्ट्रीय नीति का पूर्णत: अनुसरण करता है। इसके अंतर्गत भारत सरकार के केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय, राष्ट्रीय न्यादर्श सर्वेक्षण कार्यालय, महारजिस्ट्रार जन्म–मृत्यु एवं योजना आयोग के अनुदेशों तथा निर्देशों के अनुरूप उपयोगी सांख्यिकी का निर्धारित प्रारूपों में संकलन, संधारण तथा विभिन्न प्रकाशनों का प्रकाशन किया जाता है । राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित अनुसूचियों द्वारा राज्य स्तर पर भी संचालनालय में सर्वेक्षण संपादित किया जाता है ।

1.4 केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय के मार्गदर्शन में राज्य के सकल/निवल राज्य घरेलू उत्पाद के अनुमान तैयार किये जाते है ।

1.5 संचालनालय की सांख्यिकी गतिविधियों का मूल उद्देश्य, राष्ट्रीय नीतियों के परिप्रेक्ष्य में राज्य के सांख्यिकी तंत्र के सुदृढ़ीकरण कर प्रशासन, योजनाविद् तथा शोधकर्ताओं को उपयोगी सांख्यिकी उपलब्ध कराना है ।

2 प्रमुख गतिविधियाँ

2.1 राज्य की अर्थव्यवस्था संबंधी प्रकाशन

राज्य की सामाजिक स्थिति तथा उसे प्रभावित करने वाले प्रमुख घटकों एवं नीतियों का वार्षिक विश्लेषणात्मक अध्ययन **आर्थिक सर्वेक्षण** के रूप में प्रकाशित किया जाता है । प्रकाशन के अंतर्गत प्रमुख रूप से राज्यीय आय, कृषि उत्पादन, पशुपालन, मत्स्य विकास, वानिकी, जलसंसाधन, ऊर्जा, उद्योग, खनिज, परिवहन, श्रम एवं रोजगार, सहकारिता एवं बैंकिंग तथा सामाजिक क्षेत्र से संबंधित विभागों की विकासात्मक गतिविधियों के संबंध में अद्यतन जानकारी उपलब्ध करायी जाती है । विगत विधानसभा के बजट सत्र में यह प्रकाशन माननीय सदस्यों को उपलब्ध कराया गया ।

2.2 राज्य घरेलू उत्पाद

राज्य की अर्थ व्यवस्था में होने वाले परिवर्तनों का आकलन करने के लिए भारत शासन के केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय के मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष **राज्य के सकल/निवल राज्य घरेलू उत्पाद के अनुमान** (प्रचलित एवं स्थिर भावों पर) तैयार किये जाते है । इन अनुमानों को भी प्रतिवर्ष विधान सभा के बजट सत्र में प्रस्तुत किया जाता है ।

2.3 बजट विश्लेषण

राज्य के वार्षिक बजट का **आर्थिक उद्देश्यवार वर्गीकरण** भी संचालनालय द्वारा किया जाता है, जो राज्य की प्राथमिकताओं का सूचक है । संचालनालय द्वारा वर्ष 2011-12 की अवधि में राज्य बजट का आर्थिक उद्देश्यवार वर्गीकरण 2008-09 (लेखा), 2009-10 (पु.अ.) एवं 2010-11 (आ.अ.) नामक प्रकाशन तैयार किया गया

2.4 सर्वेक्षण कार्य

केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय के निर्देशानुसार वर्ष 2011-12 रा.न्या.स. के 68$^{वें}$ दौर में उपभोक्ता व्यय तथा रोजगार और बेरोजगारी विषय पर निर्धारित प्रपत्रों पर क्षेत्रीय सर्वेक्षण कार्य संचालनालय के निर्देशन में जुलाई, 2011 से प्रारंभ किया गया है जिसे जून, 2012 तक पूर्ण किया जावेगा । 68$^{वें}$ दौर में 188 ग्रामीण तथा 92 नगर खण्डों के रूप में कुल 280, प्रथम सर्वेक्षण इकाईयों में सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है । माह दिसम्बर, 2011 तक 86 ग्रामीण तथा 40 नगरीय न्यादर्शो का सर्वेक्षण कार्य पूर्ण कर शेष न्यादर्शो का सर्वेक्षण कार्य जून, 2012 तक पूर्ण कर लिया जावेगा ।

वर्ष 2008-09 में पिछले 57$^{वें}$ से 59$^{वें}$ एवं 61$^{वें}$ से 63$^{वें}$ दौर के सर्वेक्षित न्यादर्शो के डाटा एन्ट्री, वेरीफिकेशन एवं वेलिडेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, तथा वर्ष 2009-10 की अवधि में 64$^{वें}$ दौर के 240 न्यादर्शो की एवं वर्ष 2010-11 तक 65$^{वें}$ दौर के 216 न्यादर्शो की डाटा एन्ट्री एवं वेरीफिकेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है । 66$^{वें}$ दौर के 10 न्यादर्शो की डाटा एन्ट्री का कार्य पूर्ण कर लिया गया है । 62$^{वें}$ दौर के न्यादर्शो के एरर सुधार कार्य का प्रथम चरण पूर्ण कर लिया गया है । द्वितीय चरण का कार्य प्रगति पर है ।

2.5 जन्म-मृत्यु पंजीयन कार्य

भारत सरकार के **जन्म–मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969** के कार्यान्वयन हेतु राज्य में **छत्तीसगढ़ जन्म–मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम, 2001** बनाया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत को रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) एवं ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत सचिव/कर्मी को उप रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) अधिसूचित किया गया है । ग्रामीण क्षेत्र में जन्म–मृत्यु रजिस्ट्रीकरण के लिए यह व्यवस्था 01 जनवरी, 2008 से लागू किया गया है । इसके पूर्व ग्रामीण क्षेत्र में यह कार्य पुलिस थाना प्रभारियों द्वारा किया जाता था । इस व्यवस्था के फलस्वरूप जन्म–मृत्यु रजिस्ट्रीकरण के कार्य में पर्याप्त सुधार होने की संभावना है । राज्य के नगरीय क्षेत्र में जन्म–मृत्यु रजिस्ट्रीकरण का कार्य पूर्ववत नगरीय स्थानीय निकायों द्वारा किया जा रहा है।

जन्म–मृत्यु रजिस्ट्रीकरण की व्यवस्था हेतु राज्य शासन द्वारा की गई प्रशासनिक व्यवस्था के फलस्वरूप आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय के संचालक, को मृख्य रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु), उप–संचालक (जीवनांक), को उप मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) अधिसूचित किया गया है । जिला स्तर पर जन्म–मृत्यु पंजीयन कार्य के सूचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित् करने की दृष्टि से जिला कलेक्टर्स को अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) एवं जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारियों को जिला रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) अधिसूचित किया गया है ।

2.6 उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

औद्योगिक कामगारों के लिए खाद्य एवं सामान्य समूह से संबद्ध मासिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक से संबंधित मूल्य संकलन का कार्य विभागीय तकनीकी अधिकारियों द्वारा किया जाकर पत्रक मूलत: लेवर ब्यूरो शिमला संप्रेषित किये जाते है । लेवर ब्यूरो शिमला द्वारा भिलाई केन्द्र के लिये मासिक एवं वार्षिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक तैयार कर जारी किये जाते है ।

2.7 वार्षिक कार्यकलाप

(क) वर्ष 2011–12 में प्रकाशित प्रकाशन

(1) छत्तीसगढ़ का आर्थिक सर्वेक्षण–2010–11

(2) छत्तीसगढ़ आय व्ययक संक्षेप–2010–11

(3) छत्तीसगढ़ के राज्य घरेलू उत्पाद के अनुमान वर्ष 2004–2005 से 2009–2010 (Q)

(4) छत्तीसगढ़ राज्य में कृषि विपणन–2009–10

(5) छत्तीसगढ़ का सांख्यिकी संक्षेप–2009

(6) Socio- Economic Profile of Chhattisgarh State -2009

(7) Economic and Purpose Classification of State Government Budget of Chhattisgarh 2008-09(A/C), 2009-10 (R.E.) & 2010-11 (B.E.)

(8) Gross Fixed Capital Formation by State Govt. Administrative of Chhattisgarh 2000-01 To 2008-09 & Central Government Administrative Department & Supra-Regional Sectors 2000- 01 to 2006-07

(9) Gross Fixed Capital Formation By State Govt. Departmen tal Commercial Undertakings and on- Departmental Commercial Undertakings of Chhattisgarh 2001-02 to 2008-09

(ख) सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना प्रारंभ (सन् 1993–94) से अक्टूबर, 2011 तक कुल 505.72 करोड़ रूपये की राशि छत्तीसगढ़ राज्य हेतु जारी की गई है, जिसमें से राशि रू. 469.42 करोड़ रूपये की लागत से 34013 निर्माण कार्य स्वीकृत किये गये । योजनान्तर्गत भौतिक उपलब्धि 94.62 प्रतिशत तथा वित्तीय उपलब्धियॉ 94.29 प्रतिशत रही है

(ग) बीस सूत्रीय कार्यक्रम का मासिक प्रबोधन पत्रक माह नवम्बर, 2011 केन्द्र शासन को प्रस्तुत किया गया है ।

(घ) अन्य सर्वेक्षण कार्य :–

1.अलाभकारी पंजीकृत संस्थाओं का सर्वेक्षण

भारत सरकार केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय, राष्ट्रीय लेखा प्रभाग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार अलाभकारी पंजीकृत संस्थाओं के सर्वेक्षण द्वितीय चरण का सर्वेक्षण कार्य पूर्ण कर प्रतिवेदन केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय, नई दिल्ली भेज दिया गया है। कुल 39901 पंजीकृत संस्थाओं में से 13386 (33.55%) संस्थाओं को विजिट कर 4048 (10.15%) संस्थाओं की खोज कर सर्वे कार्य किया गया है। आंकड़ों का परिष्करण तथा प्रकाशन का कार्य शेष है, जो शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा ।

2.रोजगार बेरोजगार सर्वेक्षण

वर्ष 2011 में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा रोजगार बेरोजगार सर्वेक्षण के द्वितीय चरण का आयोजन लेबर ब्यूरो के निर्देशन में सम्पादित किया गया। छत्तीसगढ़ के सभी जिलों को इस सर्वेक्षण में शामिल किया गया। इस हेतु 152 ग्रामीण तथा 92 शहरी प्रथम चयनित इकाईयॉं आबंटित की जाकर सर्वेक्षण की कार्य अवधि 4 माह (अगस्त 2011 से नवम्बर 2011) निर्धारित की गई थी। प्रदेश के समस्त जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालयों के अधिकारियों व कर्मचारियों के माध्यम से सर्वेक्षण कार्य किया गया।

(ड.) कौशल विकास हेतु आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय तथा अधीनस्थ जिला कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभिन्न तकनीकी प्रशिक्षणों हेतु नामांकित किया जाता है । वर्ष 2011 की अवधि में कुल 26 विषयों पर विविध स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित किये गये । राज्य स्तर पर 08 प्रशिक्षण आयोतित किये गये जिसमें 590 अधिकारी/कर्मचारी प्रशिक्षित हुऐ । केन्द्र शासन द्वारा आयोजित 17 पृथक-पृथक विषयो पर प्रशिक्षण सह-कार्यशाला एवं सम्मेलनों का आयोजन किया गया जिसमें संचालनालय के 48 अधिकारी/कर्मचारियों ने भाग लिया ।

भाग-2

बजट विहंगावलोकन :-

संचालनालय को आलोच्य वर्ष 2011-12 में राज्यीय सांख्यिकी गतिविधियॉं के संचालन हेतु गैर योजनान्तर्गत निम्नानुसार आबंटन प्राप्त हुआ है ।

(लाख रूपये में)

बजट मद विवरण	वर्ष 2011-12 वास्तविक व्यय (सितं. 2011)	वर्ष 2011-12 पुनरीक्षित प्रस्ताव	वर्ष 2012-13 के लिए बजट प्रस्ताव
1	2	3	4
आयोजनेत्तर			
1. राज्य सांख्यिकी संस्थान	339.41	1038.25	1257.82
2. जन्म-मृत्यु आंकड़ों का संकलन	29.40	142.35	154.23
3. राष्ट्रीय न्यादर्श सर्वेक्षण	34.60	120.20	130.05
योग	**403.41**	**1300.80**	**1542.00**

भाग–3

संचालनालय द्वारा वर्तमान में निम्नानुसार राज्य/केन्द्र प्रवर्तित/केन्द्र क्षेत्रीय एवं विदेशी सहायता प्राप्त परियोजनाएँ संचालित की जा रही है ।

योजना विवरण	वर्ष 2011–12 वास्तविक व्यय (सितं. 2011)	वर्ष 2011–12 पुनरीक्षित प्रस्ताव	वर्ष 2012–13 के लिए बजट प्रस्ताव
1	2	3	4
राज्य–आयोजना			
6562 जन्म–मृत्यु अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन	0.00	1.75	1.75
6564 सांख्यिकी कार्यालयों का सुदृढ़ीकरण	0.41	2.30	2.55
6293 सांख्यिकी अमले का प्रशिक्षण	0.20	1.70	1.70
केन्द्र प्रवर्तित योजना			
5501 जन्म–मृत्यु सांख्यिकी प्रणाली का सुदृढ़ीकरण	5.90	10.76	10.76
7413 राज्य सांख्यिकी प्रणाली का सुदृढ़ीकरण	0.00	11.00	1.10
केन्द्र क्षेत्रीय योजना			
5537 मृत्यु सांख्यिकी का विश्लेषण	0.00	1.50	1.50
7414 स्थानीय स्तर विकास हेतु मूलभूत सांख्यिकी	0.00	1.00	1.00
विदेशी सहायता प्राप्त परियोजना			
6725 यूरोपियन कमीशन राज्य साझेदारी कार्यक्रम के अंतर्गत अनुदान	7.16	108.00	88.00
योग	**13.67**	**138.01**	**108.00**

भाग–4

सामान्य प्रशासनिक विषय–निरंक

भाग–5

अभिनव योजनाएँ–निरंक

भाग–6

प्रकाशन

आलोच्य अवधि में प्रकाशित प्रकाशनों का परिचयात्मक विवरण निम्नानुसार है :-

1. आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष (2010–11):-

प्रस्तुत वार्षिक प्रकाशन में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र, ग्रामीण विकास, विशेष क्षेत्र विकास, जल संसाधन, परिवहन संसाधन, पर्यावरण, प्रौद्यौगिकी विकास के साथ ही सामाजिक विषयों से संबद्ध क्षेत्रों में अभिज्ञापित उपलब्धियों का उल्लेख राज्य के संदर्भ में किया गया है । यह प्रकाशन विगत विधान सभा के बजट सत्र (फरवरी 2011) में माननीय सदस्यों को वितरित किया गया ।

2. आय व्ययक संक्षेप (2011–12):-

प्रकाशित प्रकाशन में राज्य शासन द्वारा आलोच्य अवधि के लिये प्रस्तावित आयोजना एवं गैर आयोजनेत्तर व्यय तथा उसके सापेक्ष में अनुमानित - आय का विवरण तैयार कर वित्त विभाग को प्रस्तुत किया गया, विभाग द्वारा इस प्रकाशन को वार्षिक बजट के साथ विधानसभा में वितरित किया गया ।

3. छत्तीसगढ़ के राज्य घरेलू उत्पाद के अनुमान वर्ष 2004–2005 से 2009–2010 (Q)

इस प्रकाश्न में राज्य के घरेलू उत्पाद के अनुमान -सकल/निवल (प्रचलित एवं स्थिर भावों पर) संचालनालय द्वारा तैयार कर प्रकाशित किये गये, जिसमें प्रति व्यक्ति आय (सकल/निवल -प्रचलित एवं स्थिर भावों पर) का भी आकलन प्रस्तुत किया गया।

4. राज्य में कृषि विपणन (2009–10):-

राज्य की कृषि उपज मण्डियों एवं उप मण्डियों में कृषि उत्पादों की आवक एवं विपणन से संबद्ध वार्षिक जानकारी इस प्रकाशन में प्रकाशित की गई, जो राज्य की सुदृढ़ कृषि विपणन व्यवस्था का द्योतक है।

5. छत्तीसगढ़ का सांख्यिकी संक्षेप (2009):-

इस प्रकाशन में छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित सामाजार्थिक विकास के महत्वपूर्ण आंकड़ों को राज्य स्तर पर जिलेवार तालिकाओं के रूप में प्रकाशित किया गया। राज्य/जिलों के संदर्भ में वर्ष 2006 से 2009 तक की जानकारी का तुलनात्मक अध्ययन किया जा सके ।

6. राज्य सामाजार्थिक रूप रेखा (2009):-

उक्त प्रकाशन में प्रशासनिक, कृषि, ग्रामीण विकास, जल, परिवहन, पर्यावरण एवं सामाजिक अवयवों से संबंधित समंक एवं संकेतांक तथा जनगणना 2001 के आधार पर ऑकड़े प्रस्तुत किये गये, जिससे राज्य की विकास अवधारणा का प्रबोधन किया जा सके।

7. राज्य बजट का आर्थिक उद्देश्वार वर्गीकरण–वर्ष 2008–09 (लेखा), 2009–10 (पु.अ.) एवं 2010–11 (आ.अ.)- प्रस्तुत प्रकाशन में उद्देश्य के अनुसार किये गये वित्तीय प्रावधान एवं सापेक्ष्य परिव्यय का उल्लेख किया गया है ।

भाग–7 सारांश– निरंक

परिशिष्ट –एक

मुख्यालय एवं अधीनस्थ जिला कार्यालयों के स्वीकृत एवं भरे पदों की जानकारी

(01–01–2012 की स्थिति में)

क्र.	श्रेणी एवं पदनाम	स्वीकृत पद			भरे हुए पद		
		मुख्यालय	जिला	**योग**	मुख्यालय	जिला	**योग**
	प्रथम श्रेणी						
1	आयुक्त सह संचालक	1	0	**1**	1	0	**1**
2	अपर संचालक	1	0	**1**	1	0	**1**
3	संयुक्त संचालक	3	0	**3**	3	0	**3**
4	उपसंचालक	3	18	**21**	3	3	**6**
	द्वितीय श्रेणी						
5	सहायक संचालक	13	0	**13**	05	0	**5**
6	जिला योजना अधिकारी	0	18	**18**	0	0	**0**
7	जिला सांख्यिकी अधिकारी	0	18	**18**	0	14	**14**
	तृतीय श्रेणी						
8	सहायक सांख्यिकी अधिकारी	36	104	**140**	23	91	**114**
9	सहायक प्रोग्रामर	1	0	**1**	0	0	**0**
10	अन्वेषक/ खण्ड स्तर अन्वेषक	14	165	**179**	12	79	**91**
10	संगणक (डाटा एण्ट्री आपरेटर)	6	36	**42**	01	08	**09**
12	अधीक्षक	01	0	**01**	01	0	**01**
13	आशुलिपिक ग्रेड–2	01	0	**01**	0	0	**0**
14	आशुलिपिक ग्रेड–3	01	0	**01**	0	0	**0**
15	स्टेनोटायपिस्ट	04	18	**22**	01	0	**01**
16	कनिष्ठ लेखा अधिकारी	01	0	**01**	0	0	**0**
17	के.पी.ओ.	02	0	**02**	0	0	**0**
18	कनिष्ठ लेखा परीक्षक	01	0	**01**	0	0	**0**
19	सहायक ग्रेड–1	04	07	**11**	01	03	**04**
20	सहायक ग्रेड–2	05	18	**23**	06	10	**16**
21	सहायक ग्रेड–3	20	43	**63**	02	15	**17**
22	वाहन चालक	01	7	**8**	01	5	**06**
23	वाहन चालक (आकस्मिकता निधि)	03	11	**14**	03	2	**05**
	चतुर्थ श्रेणी						
24	जमादार	1	0	**01**	01	0	**01**
25	भृत्य	15	52	**67**	14	29	**43**
26	चौकीदार	02	0	**2**	02	0	**02**
27	स्वीपर/फर्राश/वाटरमेन, (कलेक्टर द्वारा निर्धारित दर पर)	05	18	**23**	05	09	**14**
	योग	**145**	**533**	**678**	**85**	**269**	**354**

संचालनालय के संभाग एवं निष्पादित कार्यविवरण ifjf'k"V&nk

1. प्रशासन	1. प्रशासन, स्थापना, लेखा एवं लेखा परीक्षण
2. जिला साँख्यिकी तंत्र	1. जिलों का तकनीकी मार्गदर्शन एवं निरीक्षण 2. जिले की प्रकाशनों का परिनिरीक्षण एवं दिशा-निर्देश 3. तकनीकी कार्यों की अर्धवार्षिक/वार्षिक समीक्षा
3. साँख्यिकी समन्वय एवं प्रशिक्षण	1. राज्य के समस्त विभागों की सांख्यिकी गतिविधियों की समीक्षा, मार्गदर्शन 2. विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों का प्रशिक्षण
4. सामाजिक एवं आर्थिक विश्लेषण	1. प्रशासनिक क्षेत्र में नियोजन 2. आर्थिक सर्वेक्षण 3. जिलेवार सामाजार्थिक विकास सूचकांक 4. छत्तीसगढ़ सांख्यिकी संक्षेप
5. प्रकाशन/पुस्तकालय	1. राज्य स्तरीय प्रकाशनों का प्रकाशन 2. पुस्तकों एवं पत्रिकाओं का क्रय, विक्रय एवं संधारण
6. अन्य सर्वेक्षण, व गणनाऐं	1. छटवीं आर्थिक गणना 2. स्थानीय स्तर विकास से संबंधित मूलभूत सांख्यिकी 3. रोजगार बेरोजगार सर्वेक्षण 4. अलाभकारी संस्थाओं का सर्वेक्षण
7. भवन एवं गृह निर्माण साँख्यिकी	1. भवन एवं गृह निर्माण साँख्यिकी 2. ईमारती सामानों के थोक भावों की जानकारी 3. आपदा प्रबंधन सांख्यिकी संकलन
8. राज्यीय आय	1. राज्य/जिला स्तरीय घरेलू उत्पाद के अनुमान 2. राज्य/जिला स्तरीय घरेलू उत्पाद के अनुमान तैयार करने हेतु प्रक्रियागत प्रशिक्षण की व्यवस्था करना
9. लोक वित्त एवं बजट विश्लेषण	1. लोक वित्त तथा स्थानीय संस्थाओं की सांख्यिकी का संकलन एवं संधारण 2. राज्य एवं स्थानीय संस्थाओं के आय व्ययक का आर्थिक उद्देश्यवार वर्गीकरण कर आय-व्यय संक्षेप में तैयार करना
10. औद्योगिक खनिज, ऊर्जा एवं उत्पादन के सूचकांक साँख्यिकी	1. औद्योगिक, खनिज एवं उर्जा सांख्यिकी 2. सार्वजनिक क्षेत्रों का लेखा विश्लेषण 3. लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, समाज कल्याण, औद्योगिक सामाजिक सुरक्षा सांख्यिकी
11. पूँजी निर्माण	1. छ.ग. राज्य के सकल स्थायी पूंजी निर्माण के अनुमान तैयार करना
12. बाजार समाचार	1. थोक/फूटकर मूल्यों का संकलन/समीक्षा 2. कृषि उपज मंडियों का निरीक्षण 3. छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन का प्रकाशन

13. जीवनांक संभाग	1. जन्म–मृत्यु पंजीयन प्रणाली का संचालन, पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण 2. प्रभावी क्रियान्वयन की कार्यवाही 3. वार्षिक जीवनांक प्रतिवेदन 4. जन्म–मृत्यु रजिट्रीकरण अधिनियम 1969 के कार्यकरण पर वार्षिक प्रतिवेदन 5. मृत्यु के कारणों का चिकित्सा आधार पर वर्गीकरण–प्रतिवेदन
14. राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संभाग	1. राष्ट्रीय न्यादर्श सर्वेक्षण के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्य का सर्वेक्षण, सारणीयन एवं प्रतिवेदन
15. बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन योजना	1. संबंधित विभागों से प्रगति का मासिक प्रतिवेदन संकलन, संधारण एवं संप्रेषण 2. केन्द्र द्वारा की गई समीक्षा की अनुवर्तन कार्यवाही
16. कार्यक्रम कार्यान्वयन संभाग	
● सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना	1. मासिक समीक्षा 2. राज्य समीक्षा बैठक आयोजित करना एवं निर्देश प्रसारित करना
● विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना	1. मुख्यालय स्तर पर प्रकरण तैयार कर शासन की ओर भेजना 2. विधानसभा क्षेत्रवार प्रतिवेदन संधारित करना 3. राज्य समीक्षा बैठक आयोजित करना एवं निर्देश प्रसारित करना 4. बजट कटौती प्रस्ताव तैयार करना 5. योजनांतर्गत अंकेक्षण, मॉनिटरिग करना
● जनसहभागिता योजना	1. योजना का क्रियान्वयन एवं नियंत्रण
17. सूचना के अधिकार	1. प्रभावी अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत आवेदकों को समय सीमा में जानकारी उपलब्ध कराना

20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग

भाग–1

विभागीय संरचना तथा सामान्य जानकारी

समाज के कमजोर वर्ग की आर्थिक सहायता एवं इन्हें सम्मान पूर्वक जीवनयापन के अवसर सुलभ कराने, तथा समाज में व्याप्त आर्थिक विषमताओं को दूर करने के उद्देश्य से बीस सूत्रीय कार्यक्रम के प्रबोधन का कार्यक्रम केन्द्र शासन द्वारा अभिज्ञापित परिवर्तनों को दृष्टिगत रखते हुए किया जाता है । योजनाओं की प्रगति विभागाध्यक्ष कार्यालयों से प्राप्त कर केन्द्र शासन को संप्रेषित् की जाती है ।

विभागीय संरचना

केन्द्र शासन का बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग योजना की मासिक समीक्षा कर प्रतिवेदन निर्गम करता है । छत्तीसगढ़ राज्य में कार्यक्रम के अंतर्गत अभिज्ञापित प्रगति की समीक्षा का दायित्व राज्य स्तर पर वित्त एवं योजना विभाग द्वारा आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय को हस्तांतरित किया गया है । राज्य स्तर पर इस हेतु पदों की संरचना स्वीकृत नहीं है ।

अधीनस्थ कार्यालय

कार्यक्रम के प्रारंभ (वर्ष 1975 में) से प्रत्येक जिला/विकास खण्ड स्तर पर क्रमशः सहायक ग्रेड–2 व सहायक ग्रेड–03 का एक–एक पद स्वीकृत किया गया था जो आज भी जीवित है ।

विभागीय दायित्व

1. कार्यक्रम की प्रगति का संकलन, अनुश्रवण एवं समीक्षा ।
2. राज्य/जिला/विकास खण्ड स्तरीय एवं शहरी बीस सूत्रीय समितियों का गठन ।
3. केन्द्र शासन के बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा प्रसारित निर्देशों पर अनुवर्तन कार्यवाही ।
4. सामाजिक सुरक्षा समूह बीमा योजना का अनुश्रवण एवं समीक्षा ।
5. विभागीय प्रशासनिक कार्यवाही ।

प्रभावी अधिनियम एवं नियम

1. छत्तीसगढ़ (लोक अभिकरणों के माध्यम से) बीस सूत्रीय कार्यक्रम अधिनियम, 1980
2. छत्तीसगढ़ (लोक अभिकरणों के माध्यम से) बीस सूत्रीय कार्यक्रम अधिनियम, 1997
3. छत्तीसगढ़ (लोक अभिकरणों के माध्यम से) दीनदयाल अन्त्योदय कार्यक्रम का क्रियान्वयन नियम, 1991
4. छत्तीसगढ़ (लोक अभिकरणों के माध्यम से) दीनदयाल अन्त्योदय कार्यक्रम का क्रियान्वयन नियम, 1997

विभाग का सामान्य दायित्व

कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिवेदित प्रगति/उपलब्धियों का समसामयिक मूल्यांकन अनुश्रवण एवं समितियों के सुझावों पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करना विभाग का सामान्य दायित्व है ।

कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएँ

1. प्रबोधन एवं अनुश्रवण

इस कार्यक्रम के अंतर्गत केन्द्र शासन से प्राप्त दिशा–निर्देशों के सापेक्ष्य में कार्यवाही करते हुए कार्यक्रम प्रगति/उपलब्धियों का राज्य प्रतिवेदन केन्द्र शासन को आगामी माह की पॉच तारीख तक संप्रेषित किया जा रहा है। कतिपय विषयों पर न्यूनतम उपलब्धियों पर विभागीय टीप प्राप्त कर शासन को अवगत कराया जाता है । कार्यक्रम के अंतर्गत आवश्यक मार्गदर्शन एवं दिशा–निर्देश दिया जाता है ।

2. पंचायती राज संस्थाओं को प्रत्यायोजित दायित्व

इस कार्यक्रम के अंतर्गत विषयगत प्रगति व उपलब्धियों की समीक्षा का दायित्व क्रमशः पंचायती राज संस्थाओं - (राज्य, जिलों व जनपद पंचायतों) को प्रत्यायोजित किया गया है । कार्यक्रम की देख-रेख का दायित्व भी इन संस्थाओं को सौपा गया है ।

भाग-2

कार्यक्रम के अंतर्गत बजट प्रावधान एवं व्यय

कार्यक्रम अंतर्गत जिला/जनपद पंचायत स्तर पर स्वीकृत पदों पर होने वाले व्यय को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा वर्ष 2011-12 में 169.30 लाख रूपये का आबंटन उपलब्ध कराया गया है जिसके सापेक्ष्य में दिसम्बर, 2011 तक लगभग 80 प्रतिशत व्यय हुआ है ।

भाग-3 निरंक

भाग-4 निरंक

भाग-5

अभिनव योजनाएँ

बीस सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत समीक्षा की विषयगत सूची :-

1. बीस सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत केन्द्र/राज्य शासन द्वारा संचालित 20 कार्यकलापों को समाहित किया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

1. रोजगार सृजन- महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना ।
2. (क) स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना, (एसजीएसवाई) ।
   (ख) एसजीएयवाई के अंतर्गत अ.जा.,अ.जा. महिलाओं एवं विकलांग स्वरोजगारियों को सहायता ।
3. (क) स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत गठित स्व सहायता ग्रुप।
   (ख) स्व सहायता ग्रुप जिन्हों आय का सृजन करने वाली गतिविधियां प्रदान की गई हैं ।
4. (क) भूमिहीनों को बंजर भूमि का वितरण,
   (ख) अ.जा.,अ.ज.जा एवं अन्य वितरित की गई बंजर भूमि
5. (क) न्यूनतम मजदूरी प्रवर्तन (फार्म लेबर सहित) (i) किया गया निरीक्षण (ii) पाई गई अनियमितताएं (iii) सुधारी गई अनियमितताएं
   (ख) न्यूनतम मजदूरी प्रवर्तन (फार्म लेबर सहित) (i) किए गए दावे (ii) निपटाए गए दावे
   (ग) न्यूनतम मजदूरी प्रवर्तन (फार्म लेबर सहित) (i) लंबित अभियोजन केस (ii) दायर किए गए अभियोजन केस (iii) निर्णीत अभियोजन केस
6. (क) खाद्य सुरक्षा: लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस) एएवाई, एपीएल और बीपीएल के लिए
   (ख) खाद्य सुरक्षा :- टीपीडीएस केवल अन्त्योदय अन्न योजना (एएवाई)
   (ग) खाद्य सुरक्षा :- टीपीडीएस केवल गरीबी रेखा से ऊपर (एपीएल)
   (घ) खाद्य सुरक्षा :- टीपीडीएस केवल गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल)
7. ग्रामीण आवास -इंदिरा आवास योजना
8. शहरी क्षेत्रों में ईडब्ल्यूएस/एलआईजी आवास,
9. (क) ग्रामीण क्षेत्र- एआरडब्ल्यूएसपी शामिल बसावटें (एनसी/पीसी)
   (ख) छूटी हुई बसावटों तथा जल गुणवत्ता की समस्याओं वाली बसावटों में कार्यों की शुरूआत
10. ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता कार्यक्रम,

11. संस्थानिक प्रसव,
12. सहायताप्राप्त अनुसूचित जाति परिवार
13. आईसीडीएस योजना का वैश्वीकरण (संचयी)
14. क्रियाशील आंगनवाड़िया (संचयी)
15. सात सूत्रीय चार्टर के अंतर्गत सहायता प्राप्त शहरी निर्धन परिवारों की संख्या
16 (क) वनरोपण- रोपणाधीन शामिल क्षेत्र (सार्वजनिक एवं वन भूमि)
(ख) वनरोपण - रोपित पौध (सार्वजनिक एवं वन भूमि)
17. ग्रामीण सड़कें - पीएमजीएसवाई के अधीन निर्मित सड़के
18. राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अतंर्गत गांव को बिजली प्रदान की गई
19. पम्पसेटों को बिजली
20. विद्युत आपूर्ति

वार्षिक लक्ष्य 2011-12

केन्द्र शासन द्वारा राज्य के लिये निर्धारित लक्ष्य बिन्दुवार निम्नानुसार है :-

योजना/कार्यक्रम विवरण	भौतिक इकाई	वार्षिक भौतिक लक्ष्य
1	2	3
1. स्वरोजगार सहायता	हितग्राही संख्या	2905
2. स्व सहायता समूहों का गठन	समूह संख्या	5298
3. ग्रामीण आवास निर्माण	आवास संख्या	37466
4. नगरीय आवास निर्माण	आवास संख्या	12500
5. पेयजल सुविधा से वंचित बसाहटों के लिए पेयजल	वसाहट संख्या	3283
6. एकीकृत बाल विकास परियोजना	परियोजनाओं की संख्या	198
7. ऑगनबाड़ी संचालन	ऑगनबाड़ी संख्या	50501
8. अनुसूचित जाति परिवार सहायता	हितग्राही संख्या	375000
9. शहरी गरीब परिवारों को सहायता	हितग्राही संख्या	18750
10. वृक्षारोपण-क्षेत्र अच्छादित	हेक्टर	78000
11. वृक्षारोपण-वृक्ष	वृक्ष संख्या	50700000
12. प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क	सड़क किलोमीटर	1500
13. राजीव गांधी विद्युतीकरण	ग्राम संख्या	901
14. पम्प विद्युतीकरण	पम्प संख्या	30000

भाग–6
प्रकाशन

राज्य शासन द्वारा समेकित प्रतिवेदन के आधार पर समसामयिक समीक्षा की जाती है तद्नुरूप केन्द्र शासन द्वारा भी राज्य के परिपेक्ष्य में समीक्षा प्रतिवेदन राज्य शासन को प्रेषित किया जाता है । राज्य शासन अथवा संचालनालय द्वारा बीस सूत्रीय कार्यक्रम संबंधी कोई भी प्रकाशन जारी नहीं किया जाता है ।

भाग–7 सारांश –निरंक

––––––––00000––––––––